Daily COVID-19 Updates

27 May, 2020



COVID-19 Tracker

As on 27th May, till 8 AM

Confirmed Cases	151,767	(▲6,387)
Active Cases	83,004	(▲2,282)
Cured*	64,426	(▲3,935)
Deaths	4,337	(▲170)



Statewise - Confirmed Cases (500+)



Cured vs. Deaths



*One migrated case is included in Cured

*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs

@COVIDNewsByMIB

आरोग्य सेतु एप बना भारतीयों का रक्षक

भारत सरकार ने 02 अप्रैल, 2020 को कोविड-19 महामारी के रोकथाम की अनेकानेक कोशिशों में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए आरोग्य सेतु मोबाइल ऐप लांच किया, जिसका उद्देश्य ब्लूटूथ पर आधारित किसी से संपर्क साधने, संभावित हॉटस्पॉट्स का पता लगाने और कोविड-19 के बारे में प्रासंगिक जानकारी देना है। 26 मई की तारीख तक इस ऐप के 114 मिलियन से अधिक उपयोगकर्ता हैं जो दुनिया में किसी भी अन्य संपर्क साधने वाले ऐप के उपयोगकर्ताओं से ज्यादा है। यह ऐप 12 भाषाओं और एंड्रॉयड, आईओएस एवं केएआईओएस प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। देशभर में नागरिक आरोग्य सेतु ऐप का इस्तेमाल अपने आपको, अपने चाहने वालों और राष्ट्र को सुरक्षित रखने के लिए कर रहे हैं। बहुत से युवा इस ऐप को अपना अंगरक्षक भी मानते हैं।

इस आरोग्य सेतु की प्रमुख खासियत पारदर्शिता, निजता तथा सुरक्षा रहा है और भारत की ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर नीति की तर्ज पर आरोग्य सेतु के सोर्स कोड को अब सार्वजनिक कर दिया गया है। इस एप्लीकेशन के एंड्रॉयड वर्जन के लिए सोर्स कोड को समीक्षा और सहकार्य के लिए https://github.com/nic-delhi/AarogyaSetu_Android.git.The पर उपलब्ध करा दिया गया है। इस एप्लीकेशन के आईओएस वर्जन को अगले 2 सप्ताह के भीतर ओपन सोर्स के रूप में जारी कर दिया जाएगा और इसके बाद सर्वर कोड को भी जारी कर दिया जाएगा। आरोग्य सेतु ऐप के लगभग 98% उपयोगकर्ता अभी एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म पर हैं।

डेवलपर समुदाय के लिए सोर्स कोड को सार्वजनिक कर देना हमारे पारदर्शिता और सहयोग के सिद्धांत के प्रति अनवरत प्रतिबद्धता को दर्शाता है। आरोग्य सेतु का विकास सरकार, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिकों के बीच सहयोग का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह हमारे देश के प्रतिभावान युवा प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञों के कठिन मेहनत का फल भी है जिन्होंने इस विश्व स्तरीय उत्पाद को बनाने के लिए रात दिन काम किया है। आम लोगों (पब्लिक डोमेन) के लिए इस सोर्स कोड

को जारी करने के साथ ही हम सहयोग बढ़ाने और प्रतिभावान युवाओं और देश के नागरिकों के बीच मौजूद सर्वोच्च प्रौद्योगिकीय विशेषज्ञता का लाभ उठाने और सामूहिक रूप से इस महामारी का मुकाबला मिलकर करने में शामिल अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों के काम में मदद करने के लिए एक मजबूत और सुरक्षित प्रौद्योगिकी समाधान बनाने की दिशा में अग्रसर है।

यह ऐप कोविड-19 के खिलाफ विशेषताओं का एक समग्र समूह है और यह अपने लॉन्च के 8 सप्ताह के भीतर कई मामलों में प्रथम साबित हुआ है। जब हम लाक्षणिक खाका बनाते हुए इस महामारी विज्ञान के नए आंकड़ों को देखते हैं तो वैश्विक स्तर पर कोविड-19 के संक्रमितों से संपर्क साधने और स्वयं आकलन करने के अन्य संसाधनों की तुलना में इस ऐप की पहुंच और प्रभाव संभवतः सबसे अधिक है। इस ऐप के 114 मिलियन से अधिक पंजीकृत उपयोगकर्ताओं में से दो-तिहाई उपयोगकर्ताओं ने खुद ही कोविड-19 का शिकार होने के जोखिम का पता लगाने के लिए अपना आकलन परीक्षण किया। इसके लगभग 500,000 ब्लूटूथ संपर्कों की पहचान करने में मदद मिली है। जिन लोगों की पहचान कोविड-19 पॉजिटिव मामलों के ब्लूटूथ संपर्क या जिनका उनके आकलन के आधार पर मदद पहुंचाने की जरूरत के रूप में वर्गीकृत किया गया, उन्हें राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण संपर्क करता है। अब तक इस ऐप ने 9,00,000 से अधिक उपयोगकर्ताओं तक संपर्क साधा और उन्हें क्वॉरेंटाइन होने, सावधानियां बरतने और जांच कराने की सलाह देने के रूप में मदद की। कोविड-19 के लिए जांच कराने हेतु जितने लोगों को इस ऐप के जरिए सलाह दी गई उनमें से लगभग 24% लोगों में कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया। इसकी तुलना 26 मई की तारीख तक कुल 31,26,119 लोगों की जांच में से 1,43,380 लोगों में कोविड-19 पॉजिटिव यानी कोविड-19 पॉजिटिव पाए जाने की दर कुल मिलाकर लगभग 4.65% से की जा सकती है। इससे साफ है कि संपर्क साधने के इस ऐप से उन लोगों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है जिन्हें जांच कराने की जरूरत है और इस तरह इस महामारी को काबू करने के लिए सरकारी प्रयासों में तेजी लाने में मदद मिल रही है।

Positive India:

1. अगले छह माह में शुरू हो सकता है भारत में कोरोना की वैक्सीन का क्लीनिकल टेस्ट- https://www.jagran.com/news/national-human-trials-for-covid-19-vaccine-may-begin-in-at-least-6-months-jagran-special-20310621.html

2. Coronavirus Updates: समय से लॉकडाउन, बेहतर उपायों से भारत में मृत्यु दर में गिरावट- https://www.jagran.com/news/national-live-health-ministry-coronavirus-recovery-rate-in-india-41-percent-and-death-rate-near-3-percent-20310606.html

3. ICMR ने कोरोना टेस्ट की 4500 रुपये की सीमा हटाई, निजी लैबों से बातचीत कर उचित दर तय करने का निर्देश- https://www.jagran.com/news/national-icmr-corona-test-limit-of-rs-4500-talks-to-private-labs-and-directs-fixing-rate-20313083.html

4. नई पीढ़ी के टेस्ट से एक बार में होगी कोरोना के 50 हजार नमूनों की जांच- https://www.livehindustan.com/national/story-new-generation-test-will-test-50-thousand-samples-of-coronavirus-patients-at-one-time-3241075.html

5. राहत की खबर: भारत में कोरोना मृत्यु दर में गिरावट, 3.3 से 2.87 फीसदी हुई- https://www.livehindustan.com/national/story-coronavirus-death-rate-down-in-india-says-health-ministry-3240455.html

6. कोविड-19 से मुकाबले के लिए मोदी और ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर सहमति जताई- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/modi-and-austrian-president-agree-international-cooperation-to-fight-kovid-19/articleshow/76014688.cms

7. ICMR says will review use of HCQ in Covid treatment- https://www.hindustantimes.com/india-news/icmr-says-will-review-use-of-hcq-in-covid-treatment/story-CoiAxnhvOBsBa1odmpmbYP.html

8. Centre asks states, UTs to negotiate with private labs, bring down test price- https://indianexpress.com/article/india/centre-asks-states-uts-to-negotiate-with-pvt-labs-bring-down-test-price-q6428839/

9. India underlines faith in HCQ: drug's benefits outweigh risks- https://indianexpress.com/article/india/coronavirus-vaccine-india-underlines-faith-in-hcq-drugs-benefits-outweigh-risks-6428746/

10. IIT develop lighter, breathable PPE kit to fight COVID-19- https://www.livemint.com/news/india/iit-develop-lighter-breathable-ppe-kit-to-fight-covid-19-11590548959953.html

11. Coronavirus recovery rate in India rises to over 42%, nearly 65,000 cured from COVID-19- https://www.livemint.com/news/india/coronavirus-recovery-rate-in-india-rises-to-over-42-nearly-65-000-cured-from-covid-19-11590554018061.html

India Fights Corona (Updates):

- पिछले 24 घंटों में देश में कोरोना वायरस के 6,387 नए मामले सामने आए हैं और 170 मौतें हुई हैं। देश में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 1,51,767 है, इसमें 83,004 सक्रिय मामले, 64,425 ठीक/डिस्चार्ज हो चुके मामले और 4,337 मौतें शामिल हैं: स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- पिछले 24 घंटों में COVID19 के लिए 75 पुलिस कर्मियों ने पॉजिटिव टेस्ट किया है। महाराष्ट्र पुलिस में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 1964 और मौतों की संख्या 20 हो गई है। कुल 849 कर्मचारी ठीक हुए हैं और 1095 मामले सक्रिय: महाराष्ट्र पुलिस

- असम में 4 नए COVID19 मामले दर्ज किए गए। राज्य में अब 686 कुल मामले जिसमें 617 सक्रिय मामले, 62 डिस्चार्ज और 4 मौतें शामिल हैं: हेमंत बिस्व सरमा, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री

- झारखंड में अब कुल कोरोना पॉजिटिव मामले 408 हैं जिसमें 234 सक्रिय मामले, 170 ठीक/डिस्चार्ज और 4 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- ओडिशा में आज कोरोना वायरस के 76 नए मामले सामने आए हैं, राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1,593 हो गई है। राज्य में कोरोना वायरस सक्रिय मामलों की संख्या 853 है, 733 लोग कोरोना वायरस से ठीक हुए हैं और 7 मौतें हुई हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- राज्य में आज सुबह 9 बजे तक कोरोना वायरस के 109 नए मामले सामने आए हैं और 2 मौतें हुई हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 7,645 हो गई है: राजस्थान स्वास्थ्य विभाग

- 30 लोग कोरोना वायरस पॉजिटिव आए हैं: हरीश थपलियाल, जनसंपर्क अधिकारी, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), ऋषिकेश उत्तराखंड में कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या अब 431 है।

- पिछले 24 घंटों में आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के 68 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 2,787 है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- नागालैंड में कोविड-19 के पांच नये रोगियों का पता चला। इनमें से चार दीमापुर के और एक कोहिमा का है। ये पांचों लोग चेन्नई से लौटे थे।

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद - ICMR ने कहा है कि पिछले 24 घंटे में कुल एक लाख 16 हजार 41 नमूनों की कोविड19 जांच की गई। देश में अब तक 32 लाख 42 हजार 160 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के आंकडों के अनुसार देश में कोरोना संक्रमित 64,426 लोग उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 42.45% हो गई है।

- कोविड19 के खिलाफ संघर्ष में,प्रति एक लाख की आबादी पर संक्रमण और मृत्यु दर के वैश्विक औसत की तुलना में भारत की स्थिति काफी बेहतर है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि नियंत्रण उपायों के कारण भारत में प्रति एक लाख की आबादी पर 10.7 लोग संक्रमित हैं, विश्व में यह संख्या 69.9

- वंदे भारत मिशन के तहत सोमवार तक विभिन्न देशों से 158 उड़ानों से 30 हजार से अधिक लोग स्वदेश लौट चुके हैं। नागरिक उड्डनमंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत से 164 उड़ानों से 10 हजार से अधिक विदेशी नागरिक वापस गए हैं।

COVID-19 Updates (Worldwide)

- World coronavirus death toll tops 350,000: AFP tally
- Istanbul's 550-year-old Grand Bazaar is set to reopen on Monday for the first time in two months after being closed due to the pandemic. The market is usually visited by 150,000 people every day -- and by 42 million last year: AFP
- US records less than 700 new coronavirus deaths for the third day in a row, Johns Hopkins University reports. The overall US death toll is now 98,875.
- Germany extended social distancing rules aimed at containing spread of the coronavirus to June 29, Chancellor Angela Merkel's government said.
- US President Donald Trump warned that Hong Kong could lose its status as a global financial center if a proposed Chinese crackdown goes ahead, as the territory's leader tried to reassure nervous investors: AFP
- WHO warns countries seeing decline in Covid19 infections could still face immediate 2nd peak if let up measures to halt outbreak.
- International health authorities expressed concern over signs the spread of new coronavirus is still accelerating in Brazil, Peru and Chile.
- Myanmar to seek $700 million IMF loan for COVID-19 spending.
- Some 70% of health workers dealing with Covid-19 in Italy's hardest-hit areas are suffering from burnout: BBC
- The number of confirmed Covid-19 cases in Peru rose to at least 129,751 on Tuesday — a jump of 5,772 from the previous day, according to the country's health ministry.
- South Korea reported 40 new cases of the novel coronavirus on Wednesday, the highest daily figure since early April: CNN

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेख के मुख्य बिंदु

महामारी से बचाव का भारत का संकल्प, अब दुनिया को दिखा रहा एक नई राह

आज समस्त मानवजाति संकट के एक ऐसे दौर में है जिससे जनस्वास्थ्य से लेकर अर्थव्यवस्था तक, हर मोर्च पर दुनिया के अनेक देश लड़ रहे हैं। ऐसे समय में भारत अपनी सामूहिक संकल्प शक्ति के द्वारा पूरी दुनिया को इस वैश्विक महामारी को परास्त करने की राह दिखा रहा है। विभिन्न प्रकार की जीवनशैली, तौर-तरीकों, आस्थाओं एवं भौगोलिक अवस्थाओं वाले एक विशिष्ट संस्कृति से युक्त इतने विविधतापूर्ण देश में जिस प्रकार से एकजुट होकर कार्य किया जा रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल है। संकट के ऐसे समय में 135 करोड़ देशवासियों के भीतर आशा और विश्वास के साथ एक नई चेतना जागृत हुई है। एक दूरगामी चिंतन ने देश को सहजता से एकजुट किया है और राहत, बचाव एवं जनकल्याण के कार्यो को गति प्रदान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कोरोना की जंग मजबूती से लड़ रहा है और दुनिया के अनेक विकसित देशों की तुलना में कहीं अधिक बेहतर स्थिति में है। जब लॉकडाउन की अपील की गई तो जनता ने फिजिकल डिस्टेंसिंग(शारीरिक दूरी) का पालन करते हुए इसका स्वागत किया। गलियों, सड़कों और चौराहों पर पसरा हुआ सन्नाटा, देश की जनता के आत्मसंयम और इच्छाशक्ति का परिचय बन गया। लॉकडाउन जैसे कठिन और साहसिक निर्णय की गंभीरता को देखते हुए देश के हर वर्ग ने अनेक परेशानियां उठाकर भी सरकार के कदम से कदम मिलाया है। लॉकडाउन में देश की जनता के साथ प्रधानमंत्री के सीधे संवाद के प्रारूप को पूरी दुनिया ने अत्यधिक सराहा है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-indias-willpower-from-prevention-with-pandemic-now-showing-the-world-a-new-path-jagran-special-20314326.html

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey